दिन– मंगलवार दिनांक– 02 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज शेखपुरा और मुजफ्फरपुर जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का करेंगे शुभारंभ।

02. आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर प्रदेश के नगर निकायों में भी आज हो रहा है सहयोग शिविर का आयोजन।

03. राज्य के प्रतिष्ठानों में दस से कम कर्मी होने पर नहीं कराना होगा निबंधन। राज्य सरकार ने बिहार दुकान और प्रतिष्ठान रोजगार विनियमन तथा सेवा शर्त अधिनियम किया समाप्त।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में उमसभरी गर्मी का दौर जारी।

**समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज शेखपुरा जिले के बरबीघा में विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही आमस पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेंगे। एक रिपोर्ट––

––रिपोर्ट––

मुख्यमंत्री श्री चौधरी आज मुजफ्फरपुर के मोतिपुर प्रखंड अंतर्गत परसौनीनाथ पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन भी करेंगे।

————————————————————————

आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर राज्य के नगर निकायों में आज से सहयोग शिविर की शुरुआत हो रही है। इसमें लोगों से प्राप्त आवेदन के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान तीस दिनों के भीतर किया जायेगा। राज्य की पंचायतों में भी सहयोग शिविर आयोजित किये जायेंगे। सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर– **एक एक शून्य शून्य** पर संपर्क किया जा सकता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में उद्योगों, निवेशकों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और आम नागरिकों को विभिन्न सेवाओं को प्राप्त करने में जटिलताएं दूर की जाएगी। पटना में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने संबधित विभागों को लाइसेंस निर्गत करने, अनुमति प्रदान करने और प्रक्रियाओं को सरल तथा आसान बनाने का निर्देश दिया। श्री चौधरी ने बिहार के लिए घोषित प्रधानमंत्री पैकेज और केंद्रीय बजट की घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को प्रत्येक महीने की दस तारीख तक उनके खाते में राशि भेजने को सुनिश्चित किया जाए।

———————————————————————

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि वर्ष दो हजार बीस में योजना शुरू होने के बाद से अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक ऋण दिए गए हैं।

——रिपोर्ट——

देश के लाखों रेहड़ी पटरी वालों को पिछले 6 साल से पीएम स्वनिधि स्कीम के जरिए आसानी से कर्ज मिल रहा है। इससे उनके लिए अस्थाई आजीविका सुनिश्चित हो पाई है। इस योजना के तहत बिना किसी गारंटी के तीन चरणों में क्रमशः 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार तक के कर्ज उपलब्ध कराए जाते हैं। इन कर्जों पर ब्याज सब्सिडी तथा ऋण गारंटी सहायता भी प्रदान की जाती है। इस पहल से देश भर के शहरों और कस्बों में 75 लाख से अधिक लाभार्थियों को फायदा हुआ है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत अब तक 17800 करोड रुपए से अधिक के कर्ज वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा 55 लाख से अधिक लाभार्थियों को इस स्कीम से डिजिटल रूप से जोड़ा गया है। सुपर्णा सैकिया के साथ अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की बारह साल की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाना है। नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में एक बैठक को संबोधित करते हुए श्री नवीन ने कहा कि संगठन पार्टी की शक्ति है और उसी के जरिए सरकार की उपलब्धियां और विचार धारा को जन–जन तक ले जाना है। इसके तहत महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बिहार दुकान और प्रतिष्ठान रोजगार विनियमन तथा सेवा शर्त अधिनियम को समाप्त कर दिया है। अब दुकान और प्रतिष्ठानों में दस से कम कर्मी होने पर दुकानदारों को निबंधन नहीं कराना होगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन की सहमति के बाद इसकी अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना के अनुसार अब नये लेवर कोड में दस और इससे अधिक कर्मी रखने पर ही दुकानदारों को निबंधन कराना होगा।

———————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने नीट—यूजी दो हजार छब्बीस की पुनर्परीक्षा को मौजूदा पेन और पेपर प्रारूप के स्थान पर कंप्यूटर—आधारित परीक्षा आयोजित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने कहा कि कंम्पयूटर आधारित पुनर्परीक्षा आयोजित करने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि परीक्षा रद्द होने के बाद से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही है। अगली सुनवाई सत्ताईस जुलाई को होगी।

———————————————————————

भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को नियमों का अनुपालन करते हुए सरकारी आवास खाली करना होगा। श्रीमती सिंह ने पटना में जदयू कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राबड़ी देवी वरिष्ठ नेत्री हैं, इसलिए उन्हें भी नियमों का सम्मान करना चाहिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि सरकारी आवास खाली कराने की कार्रवाई प्रतिशोध और द्वेष की भावना से नहीं की जा रही है। राजद के आरोपों पर उन्होंने कहा कि जदयू के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुरक्षा कारणों से आवास दिया गया है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्धिकी ने प्रेसवार्ता में कहा कि सरकार यदि द्वेषपूर्ण राजनीति करेगी, तो राजद के सभी नेता सरकारी आवास और सुरक्षा वापस कर देंगे।

———————————————————————

बेगूसराय की एमपीएमएलए अदालत ने केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद गिरिराज सिंह को आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में जमानत दे दी है। उन पर वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव के दौरान सीपीआई उम्मीदवार कन्हैया कुमार पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप है।

———————————————————————

उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा। पटना के बिहटा स्थित ईरैडिएशन सेंटर और इनलैंड कंटेनर डिपो के निरीक्षण के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सुश्री सिंह ने कहा कि सरकार प्रदेश में आधुनिक औद्योगिक और कृषि प्रसंस्करण अवसंचना के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

लोक भवन ने राज्य के चौदह विश्वविद्यालयों में प्रतिकुलपतियों की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन की अंतिम तिथि एक जुलाई तक निर्धारित है। लोक भवन ने स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जायेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य के दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में हीट वेव जैसी स्थिति बनी हुई है। पटना, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास और बक्सर सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी की संभावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर उनतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज राज्य के उत्तरी और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गयी है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में पंद्रह जून से पंद्रह अक्टूबर तक बालू खनन और बालू उठाओ पर रोक रहेगी। खान और भूतत्व विभाग ने कहा है कि आगामी मानसून के दौरान नदियों के जलस्तर में संभावित वृद्धि के मद्देनजर यह प्रतिबंध लगाया गया है। विभाग ने कहा है कि इस दौरान सभी बालू घाटों पर खनन गतिविधियां पूरी तरह बंद रहेंगी। राज्य सरकार ने सभी जिलों में बालू की उपलब्धता बनाए रखने के लिए बफर स्टॉक बनाने का निर्देश भी दिया है।

———————————————————————————

निगरानी विभाग ने पूर्णिया के के. नगर प्रखंड कार्यालय में राजस्व कर्मचारी रूपक कुमार को दस हजार रूपये नकद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी पर जमीन के दाखिल खारिज की प्रतिक्रया के लिए राशि की मांग की गयी थी।

———————————————————————————

मुंगेर की एक अदालत ने न्यायालय के आदेश की अनेदेखी करने के मामले में मुफस्सिल थाना प्रभारी विपिन कुमार सिंह के विरूद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है। वर्ष दो हजार दस के एक मामले में मुख्य अभियुक्त की मृत्यु संबंधी रिपोर्ट नहीं देने पर यह कार्रवाई की गयी है।

———————————————————————————

बिहार संग्रहालय की ओर से पटना में आज से सात जून तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को टेराकोटा कला, मुखौटा निर्माण कला तथा कहानी लेखन कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कैंप का उद्घाटन महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह करेंगे।

———————————————————————————

अररिया जिले के प्रभारी सचिव मोहम्मद सुहैल ने संभावित बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने सहयोग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निष्पादन पर संतोष व्यक्त किया। वहीं, जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पुलिस ने एक महिला के साथ उत्पीड़न मामले में पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के फुलहर से प्राप्त अभिलेख युक्त बौद्ध देवी तारा की प्रतिमा और पुराअवशेष को मिथिला ललित संग्रहालय को सुर्पुद कर दिया गया।

———————————————————————————

गोवा में संपन्न राष्ट्रीय महिला मास्टरर्स एथलेटिक प्रतियोगिता में भोजपुर की अंजू कुमारी ने तीन स्वर्ण पदक जीता है। अंजू ने सौ मीटर दौड़, दो सौ मीटर दौड़ और रीले स्पर्धा में पहला स्थान प्राप्त किया है।

पटना में छह से दस जून तक बिहार राज्य सब–जूनियर फीडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – सीबीएसई पुनर्मूल्याकंन साइट फिर ठप हुई। परेशान रहे विद्यार्थी। **दैनिक जागरण** लिखता है – करोड़ की सरकारी दवाओं पर नकली रैपर लगा बांग्लादेश में तस्करी। दरभंगा, पूर्णिया, कटिहार और गया समेत कई जिलों के अस्पतालों से आती थीं दवाएं। **दैनिक भास्कर** ने बिहार में काली कमाई से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है – काली कमाई से बिहार के अफसरों की प्रोपर्टी खरीद की खुलासा। मामाजी के जरिए बागडोरा पहुंच रहा है बिहार के अफसरों का कैश। **प्रभात खबर** जेइई एडवांस परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को अपनी लीड बनाते हुए लिखा है – गुवाहाटी जोन के सफल छात्रों में पैंतालीस प्रतिशत बिहार के।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज शेखपुरा और मुजफ्फरपुर जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का करेंगे शुभारंभ।

02. आम लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए पंचायतों की तर्ज पर प्रदेश के नगर निकायों में भी आज हो रहा है सहयोग शिविर का आयोजन।

03. राज्य के प्रतिष्ठानों में दस से कम कर्मी होने पर नहीं कराना होगा निबंधन। राज्य सरकार ने बिहार दुकान और प्रतिष्ठान रोजगार विनियमन तथा सेवा शर्त अधिनियम किया समाप्त।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में उमसभरी गर्मी का दौर जारी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।